सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 04 | इंदौर, बुधवार 16 जुलाई, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

वेद वचन

(ऋग्वेद.१.१६६.६)

।। अहं ह्युग्रस्तविषस्तुविष्मान् ।।

अर्थात् -मैं निश्चय ही तीक्ष्णस्वभाव, प्रचण्ड और अतिबलवान् हूं।

## Headline

1. Parliament: संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से, 8 विधेयक होंगे पेश; जोरदार हंगामे के आसार
2. Meghalaya Smuggling: मवेशी तस्करों के हमले में दो BSF जवान घायल, मेघालय में भारत-बांग्लादेश सीमा पर हुई घटना
3. CDS: 'पाकिस्तानी ड्रोन और गोला-बारूद से भारत को कोई नुकसान नहीं', ऑपरेशन सिंदूर पर बोले सीडीएस जनरल अनिल चौहान
4. Patna Airport News: पटना एयरपोर्ट पर टला बड़ा हादसा, दिल्ली से आ रहे विमान का रनवे ओवरशूट
5. Bomb Threat: दिल्ली में पांच स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी, बीते तीन दिन में 10 स्कूलों को धमकी भरे ई-मेल

# सीएम ने 'भारत मार्ट' को बताया वैश्विक व्यापार का प्रवेशद्वार

## DP वर्ल्ड ने MP में ड्रायपोर्ट बनाने में दिखाई रुचि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुबई यात्रा के तीसरे दिन डीपी वर्ल्ड और जेबेल अली फ्री जोन के वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट कर 'भारत मार्ट' परियोजना और उससे जुड़ी लॉजिस्टिक्स संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। यह बैठक भारत के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को वैश्विक बाजार से जोड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल मानी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत मार्ट को 'वैश्विक व्यापार का प्रवेशद्वार' बताते हुए कहा कि यह आधुनिक व्यापार केंद्र भारतीय उत्पादों, विशेष रूप से खाद्य प्रसंस्करण, कृषि और हस्तशिल्प जैसे उत्पादों की मध्य पूर्व, अफ्रीका और यूरोप जैसे बाजारों तक सीधी पहुंच उपलब्ध कराएगा। भारत मार्ट 2026 से शुरू होगा और 'लोकल से ग्लोबल' की नीति को नई दिशा देगा। इस बीच अग्रणी पोर्ट कंपनी डीपी वर्ल्ड ने मध्य प्रदेश में ड्रायपोर्ट शुरू करने में रुचि दिखाई है।

**अंतरराष्ट्रीय व्यापार केंद्र है भारत मार्ट-** बता दें, भारत मार्ट, जेबेल अली फ्री जोन (जाफ्जा), दुबई में लगभग 27 लाख वर्ग फीट में विकसित किया जा रहा एक बहुआयामी अंतरराष्ट्रीय व्यापार केंद्र है। इसकी आधारशिला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम द्वारा फरवरी 2024 में संयुक्त रूप से रखी गई थी। यह केंद्र डीपी वर्ल्ड द्वारा संचालित किया जा रहा है और इसमें 1500 से अधिक शोरूम, अत्याधुनिक गोदाम




और कार्यालय सुविधाएं शामिल होंगी। यह परियोजना भारतीय एमएसएमई को वैश्विक मंच प्रदान करने के लिए तैयार की जा रही है। भारत मार्ट, वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी को बढ़ाने वाला एक मजबूत स्तंभ बनेगा।

**उज्जैन-नागदा रूट से दुबई तक होगी निर्बाध माल आपूर्ति-** बैठक में विशेष रूप से मध्य प्रदेश में डीपी वर्ल्ड द्वारा प्रस्तावित रेल टर्मिनल और उज्जैन–नागदा रूट को भारत मार्ट तक निर्बाध माल आपूर्ति का एक निर्णायक माध्यम बताया गया। यह लॉजिस्टिक्स कनेक्टिविटी भारत से दुबई तक तेज, किफायती और सुगम माल परिवहन सुनिश्चित करेगी, जिससे राज्य के निर्यातकों को सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार इस यात्रा को केवल व्यापार नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश के आर्थिक भविष्य की नींव मान रही है। भारत मार्ट के जरिये हमारा प्रदेश वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एक मजबूत कड़ी बनेगा।

**डीपी वर्ल्डः भारत और मध्य प्रदेश के लिए संभावनाओं से भरा साझेदार-** डीपी वर्ल्ड, दुबई स्थित एक अग्रणी वैश्विक लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला समाधान प्रदाता है। यह 78 से अधिक देशों में 100 से अधिक टर्मिनलों और पोर्ट्स का संचालन करता है। प्रति वर्ष 7 करोड़ टीईयू कंटेनर हैंडल करने वाली यह कंपनी विश्व की सबसे बड़ी पोर्ट ऑपरेटरों में गिनी जाती है।

**भारत में इन बंदरगाहों का संचालन-** डीपी वर्ल्ड भारत के मुंबई, मुंद्रा, कोचीन, चेन्नई और विशाखापत्तनम जैसे प्रमुख बंदरगाहों पर छह टर्मिनलों का संचालन करती है। साथ ही यह कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स, कंटेनर फ्रेट स्टेशन और एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट सेवाओं का भी प्रबंधन करती है।

**ड्राय पोर्ट के विकास में दिखाई रूचि-** डीपी वर्ल्ड ने मध्य प्रदेश में इनलैंड कंटेनर डिपो (आईसीडी), मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी), कृषि-लॉजिस्टिक्स हब और ड्रायपोर्ट के विकास में गहरी रुचि दिखाई है। यह राज्य की लॉजिस्टिक्स और निर्यात नीति के अनुरूप है और सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से दीर्घकालिक अधोसंरचना विकास को मजबूती देने वाला कदम है।

# पत्रकार कल्पेश याग्निक आत्महत्या केस की आरोपी सलोनी अरोड़ा और फर्जी जमानतदार गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। वरिष्ठ पत्रकार कल्पेश याग्निक आत्महत्या केस की आरोपी सलोनी अरोड़ा को फर्जी जमानत लेने के आरोप में फिर गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में धोखाधड़ी और अन्य धाराओं में इंदौर पुलिस ने केस दर्ज किया है। सलोनी ने फर्जी जमानत कांड के आरोपी रहे केदार डाबी के दस्तावेज लगाकर फर्जी जमानत ली थी। हाईकोर्ट ने डाबी को फर्जी जमानत कांड में इस शर्त पर जमानत दी थी कि वह किसी को जमानत नहीं देगा।

इस मामले में कल्पेश के भाई नीरज याग्निक ने इंदौर पुलिस की क्राइम ब्रांच शाखा में शिकायत की थी। पुलिस ने केस दर्ज करने के साथ ही मंदसौर जिले के मल्हारगढ़ से सलोनी को गिरफ्तार कर लिया। मामले में केदार डाबी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

सलोनी को पुलिस ने आत्महत्या के केस में मुंबई से गिरफ्तार किया था। वर्ष 2019 में उसकी जमानत हो गई थी। पहले सलोनी की भाभी ने उसकी जमानत



दी थी। तब सलोनी जेल से बाहर आ गई थी। बाद में उसकी भाभी ने कोर्ट में जमानत वापस लेने के लिए आवेदन लगाया। इसके बाद कोर्ट ने सलोनी को नोटिस दिया था।

बाद में सलोनी ने फर्जी जमानत कांड के आरोपी केदार डाबी की मदद ली। उसने सलोनी के लिए जमानत कोर्ट में पेश की। पुलिस ने जांच में जमानत को फर्जी माना। बता दें, सलोनी अरोड़ा ने कल्पेश याग्निक को ब्लैकमेल कर पांच करोड़ रुपये की मांग की थी। खुद पर लगे आरोपों से तनाव में आए कल्पेश ने आत्महत्या कर ली थी।

# पुलिस ने 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान की शुरुआत की






@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)
**इंदौर। इंदौर में नशे की लत से लोगों को बचाने के लिए पुलिस ने 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चलाया जाएगा। इसकी शुरुआत मंगलवार को पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने अपने कार्यालय परिसर से एक रैली को हरी झंडी दिखाकर की।**

इस दौरान स्कूली बच्चे और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। रैली से पहले सामूहिक रूप से नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। कमिश्नर संतोष सिंह ने बताया कि इस अभियान के तहत पूरे शहर में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। सभी थानों में विशेष आयोजन किए जाएंगे और शहर के विभिन्न इलाकों में रैली, पोस्टर, स्लोगन और जनसंपर्क के माध्यम से लोगों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताया जाएगा। उन्होंने बताया कि जो लोग नशे की लत से जूझ रहे हैं, उनका इलाज रिहैब सेंटर में करवाया जा रहा है। साथ ही युवाओं को नशे से बचाने के लिए स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इंदौर पुलिस पहले भी नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई कर चुकी है। इसमें राजस्थान और अन्य राज्यों से जुड़े नशे के नेटवर्क को भी उजागर कर खत्म किया गया है।

## 40 दिनों की पूजा अर्चना उपवास के साथ 16 जुलाई को प्रारंभ होगा सिंधी समाज का चालिहा उत्सव



**इंदौर। चालिहा महोत्सव सिंधी समाज का गौरवशाली पर्व है। माना जाता है कि इन 40 दिनों तक अखंड ज्योति की पूजा-अर्चना करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं इस दौरान भगवान झूलेलाल की पूजा जल एवं ज्योति के रुप में की जाती है। यह व्रत कठिन होते हैं। अखंड ज्योति की प्रतिदिन पूजा अर्चना करने से सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है।**

सिंध प्रांत के क्रूर मुस्लिम बादशाह मिर्ख शाह द्वारा हिंदुओ को जबरदस्ती मुस्लिम बनाए जाने पर सिंधु नदी के तट पर 40 दिनों तक आतंकतायी मिर्ख बादशाह से अत्याचार से बचाने के लिए हजारों हजार हिंदु नर नारियों की करुण पुकार सुनकर जल के देवता प्रकट हुए और अपने चमत्कार से बादशाह का मन बदल कर उसे सदमार्ग पर सर्वधर्म समभाव का मार्ग दिखाते हुए मानवता की शिक्षा देकर हिंदू धर्म की रक्षा हेतु अवतार लिया। तब से आज तक हर साल 16 जुलाई से 25 अगस्त तक सिंधी समाज द्वारा भगवान झूलेलाल का चालिहा उत्सव श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाया जाता है। इन 40 दिनों में भगवान झूलेलाल के चालिहा उपवास रखने वाले अनुयायी शाकाहार एवं ब्रम्हचार्य का संकल्प लेकर 40 दिन तक बाल नहीं कटाते है और बिस्तर की बजाए धरती या पटिये के आसन पर सोते हैं और दीन दुखियों की सेवा करते हुए सदुरु, संत महात्माओं के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराते हैं।

## इंदौर का सफाई मॉडल अपनाएगा पीएम मोदी का संसदीय क्षेत्र वाराणसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)
**इंदौर। इंदौर की सफाई व्यवस्था का अध्ययन करने देश विदेश के 100 से ज्यादा शहरों के अफसर इंदौर आ चुके है, लेकिन पहली बार इंदौर के अफसर किसी दूसरे शहर में जाकर सफाई को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव देंगे। यह शहर है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र वाराणसी। इंदौर मॉडल को वाराणसी में लागू कराने के लिए इंदौर और भोपाल से अफसरों की टीम रवाना हुई।**




दिल्ली से नगरीय प्रशासन विभाग के अफसरों को कहा गया था कि वे इंदौर जैसी सफाई व्यवस्था वाराणसी में लगू कराए। इसके बाद पहले अफसरों ने इंदौरी मॉडल के दस्तावेज, वीडियो, फोटोग्राफों को शामिल एक रिपोर्ट बनाई और अब वाराणसी में जाकर वहां के अफसरों के साथ पूरी प्लानिंग करेंगे। मंगलवार को इंदौर के अफसरों ने वाराणसी के अफसरों के साथ बैठक की और घर-घर कचरा संग्रहण, गीला-सूखा कचरा सेग्रिगेशन, कचरे के रि सायकल सहित अन्य विषयों की जानकारी साझा की। मध्य प्रदेश के अफसर चार दिन वाराणसी में रुकेंगे और वहां के संसाधनों के हिसाब से सफाई को लेकर टिप्स देंगे।

### इंदौर का सफाई मॉडल

- शत प्रतिशत कचरा इंदौर में डोर टू डोर तरीके से संग्रहित होकर सीधे ट्रेंचिंग ग्राउंड जाता है। छह अलग-अलग प्रकार के कचरे वाहनों के माध्यम से ही अलग हो जाते है। प्लांट पर कचरा अलग-अलग नहीं होता है।
- शहर में एक भी कचरा पेटी नहीं है। लोग खुले में कचरा नहीं फेंकते है। इसके अलावा अब नगर निगम एप के माध्यम से भी कचरा वाहनों को बुलवाने की सुविधा रहवासियों को दे रहा है।
- इंदौर में कचरे से खाद और सीएनजी बनाई जा रही है। प्लास्टिक कचरे से इंधन बनाया जा रहा है, जो सीमेंट फेक्टरियों में काम आता है। इसके अलावा मलबे से पेवर ब्लॉक भी बनाए जा रहे है।

## जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनकर किया गया निराकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)
इंदौर। कलेक्टर कार्यालय में प्रति मंगलवार की तरह इस मंगलवार भी जनसुनवाई सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण किया गया। जिन आवेदनों का निराकरण नहीं हुआ, उनके निराकरण के लिए समय-सीमा तय की गई।



जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन, संपत्ति, पारिवारिक विवाद, निजी भूमि पर अतिक्रमण, मकान पर किराएदारों का कब्जा, दिव्यांगजन को साइकिल की सहायता आदि से संबंधित आवेदन आए। उक्त आवेदकों की सुनवाई आज अपर कलेक्टर श्री रिंकेश वैश्य तथा अन्य अपर कलेक्टरों और अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई। जनसुनवाई में गवली पलासिया पंचायत की कुछ महिलाओं ने उनके क्षेत्र में ड्रेनेज की समस्या का आवेदन दिया। उन्होंने कहा कि इसकी वजह से वहां डेंगू की आशंका है। उक्त समस्या निराकरण के लिए आवेदन जिला पंचायत को भेजा गया। जनसुनवाई में कई आवेदक मकान पर कब्जे से संबंधित आवेदन लेकर आए, जिनके त्वरित और नियमानुसार निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। साथ ही जनसुनवाई में आये पारिवारिक विवादों को सुलझाने के लिए उन्हें मध्यस्थता का केंद्र में प्रेषित किया गया है ताकि आपसी सुलह, समझौते से पारिवारिक विवाद आसानी से सुलझ जाए। कुछ ऐसे आवेदक आए जिन्हें इलाज के लिए आर्थिक सहायता चाहिए थी उन्हें रेडक्रॉस से आर्थिक सहायता दिलाई गई।

जनसुनवाई में कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा भी बड़ी संख्या में आवेदकों की समस्याओं को सुना गया और उनका निराकरण किया गया।

## शासकीय विशिष्ट आदिवासी बालक क्रीड़ा परिसर छोटी बेटमा में अतिथि पी.टी.आई. के आवेदन आमंत्रित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)
इंदौर। जिले के शासकीय विशिष्ट आदिवासी बालक कीड़ा परिसर छोटी बेटमा में अतिथि पी.टी.ई. शिक्षक के रिक्त पद भरे जायेंगे। यह जानकारी देते हुए जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि उक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित है। ऐसे उम्मीदवार जिनके पास केवल डी.पी.एड., बी.पी.एड., एम.पी.एड. या राष्ट्रीय खिलाड़ी जैसे विशेष रूप से एथलेटिक्स, हैंडबॉल, कुश्ती में ट्रैक एवं फील्ड योग्यता वाले है, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन के संबंध में विस्तृत जानकारी शासकीय विशिष्ट आदिवासी बालक क्रीड़ा परिसर छोटी बेटमा से प्राप्त की जा सकती है।

# पितृ पर्वत को उज्जैन के चिंतामण गणेश मंदिर से जोड़ने की तैयारी शुरू

## 25 गांवों की जमीन अधिग्रहित होगी

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)**

**इंदौर। इंदौर के पितृ पर्वत को उज्जैन के चिंतामण गणेश मंदिर से जोड़ने की तैयारी शुरू हो गई है। मध्यप्रदेश सरकार सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए पितृ पर्वत से चिंतामण गणेश मंदिर तक हाईस्पीड फोरलेन सड़क बना रही है। इसके लिए 228 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सरकार का फोकस इस बार सिंहस्थ में बेहतर कनेक्टिविटी पर है।**



चिंतामण गणेश मंदिर को जोड़ने वाला यह बायपास इंदौर में हातोद के पास पितृ पर्वत से जोड़ा जाएगा। पितृ पर्वत से चिंतामण गणेश तक लगभग 50 किलोमीटर लंबा फोरलेन बनाया जा रहा है। इस सड़क के बनने से सिक्स लेन के अलावा इंदौर-उज्जैन के बीच एक और वैकल्पिक रूट मिल जाएगा। इस परियोजना के लिए उज्जैन जिले के 6 गांवों और इंदौर जिले के 19 गांवों की कुल 228 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित की जा रही है। भूमि अधिग्रहण के लिए धारा 11 के तहत प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) अगले महीने तक तैयार कर ली जाएगी। DPR का काम मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम (MPRDC) द्वारा किया जा रहा है। इस हाईस्पीड फोरलेन के बनने से इंदौर और उज्जैन के बीच आवागमन काफी आसान हो जाएगा। खासकर सिंहस्थ जैसे बड़े आयोजनों में भीड़ प्रबंधन में मदद मिलेगी। इस नई सड़क के माध्यम से इंदौर एयरपोर्ट से उज्जैन तक की दूरी महज 30 मिनट में तय की जा सकेगी, जबकि अभी यह दूरी तय करने में लगभग 60 मिनट लगते हैं। फोरलेन निर्माण के लिए वर्तमान में तेजी से सर्वे का कार्य किया जा रहा है। इसमें जल संरचनाएं, पेड़, निर्माण आदि से जुड़ा डाटा तैयार किया जा रहा है। DPR तैयार करने की डेडलाइन अगले माह तक रखी गई है। भूमि अधिग्रहण को लेकर दावे और आपत्तियों के लिए अगस्त तक का समय निर्धारित किया गया है। टेंडर प्रक्रिया भी एक से दो महीनों में पूरी कर ली जाएगी। यह फोरलेन सड़क इंदौर के पितृ पर्वत के पास हातोद से शुरू होकर उज्जैन के चिंतामण गणेश मंदिर के पास बने सिंहस्थ बायपास पर समाप्त होगी। इसकी कुल लंबाई लगभग 50 किमी और चौड़ाई 60 मीटर होगी। इस सड़क से इंदौर के सुपर कॉरिडोर, चंद्रावतीगंज, अजनोद, खजुरिया और हातोद जैसे क्षेत्रों को सीधा फायदा मिलेगा। साथ ही उज्जैन का पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र से भी सीधा संपर्क बन जाएगा।

### सज्जन वर्मा का आरोप –

# फर्जी आईडी से बंटा सरकारी फायदा

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)**

**इंदौर। प्रदेशभर में समग्र आईडी की KYC और आधार से लिंकिंग के दौरान बड़ा घोटाला सामने आया है। इंदौर नगर निगम की रिपोर्ट में 6.63 लाख फर्जी समग्र आईडी की पुष्टि हुई है। इस पर पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इससे करोड़ों का घोटाला हुआ है। उन्होंने मांग की है कि इस मामले की उच्चस्तरीय जांच हो और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।**



प्रदेश सरकार ने सभी जिलों के कलेक्टरों को 7.21 लाख फर्जी समग्र आईडी की जांच और उन्हें पोर्टल से हटाने का आदेश दिया है। इसी क्रम में इंदौर नगर निगम ने रिपोर्ट जारी कर बताया कि शहर के 22 झोन में 6.63 लाख फर्जी समग्र आईडी पाई गई हैं। निगम ने इस काम के लिए हर झोन में प्रभारी भी नियुक्त किए हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा ने इस रिपोर्ट के आधार पर भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि समग्र आईडी एक जरूरी सरकारी पहचान पत्र है, जिसके आधार पर लोगों को राशन से लेकर पेंशन तक की 19 से अधिक योजनाओं का लाभ मिलता है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि सिर्फ इंदौर में ही 6.63 लाख फर्जी समग्र आईडी बनी हैं, तो अब तक इन पर कितना राशन और कितना सरकारी पैसा खर्च हुआ? वर्मा ने इसे "भाजपा सरकार का स्पष्ट भ्रष्टाचार" बताया। वर्मा ने याद दिलाया कि इंदौर के पूर्व कलेक्टर मनीष सिंह के कार्यकाल में वन नेशन–वन राशन कार्ड योजना के तहत 13,502 फर्जी परिवार सामने आए थे, जिनकी समग्र आईडी और राशन कार्ड बंद कर दिए गए थे।उन्होंने बताया कि उनके निर्देश पर कांग्रेस नेता कौशल और गुरनानी ने मतदाता सूची में भी 2.60 लाख गैर-निवासरत नाम पकड़े थे, जिसे हटाने का शपथ-पत्र उच्च न्यायालय में पेश किया गया था।

# रि-एग्जाम के लिए अब सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)**

**इंदौर। इंदौर और उज्जैन के 75 से ज्यादा स्टूडेंट्स का NEET UG रि-एग्जाम कराने संबंधी याचिकाएं खारिज होने के बाद प्रभावित स्टूडेंट्स ने सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी शुरू कर दी है। याचिकाकर्ता स्टूडेंट्स के वकील मृदुल भटनागर का कहना है कि 22 लाख स्टूडेंट्स में से 75 को छोड़कर अन्य सभी को अच्छा एनवायरमेंट देना, न्याय नहीं है। क्या 21 लाख स्टूडेंट्स के सफल होने की गारंटी थी। इस सहित कई मजबूत आधार तैयार किए जा रहे हैं, ताकि सुप्रीम कोर्ट में मजबूती से पक्ष रखा जा सके।**

भटनागर कहते हैं इन स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी है। ऐसे में परिणाम पॉजिटिव हो या नेगेटिव, लर्निंग उसी से आती है। बिना किसी उद्देश्य के तैयारी नहीं होती। स्टूडेंट्स और उनके परिवार इसके लिए खुद को झोंक देते हैं। बता दें कि इंदौर हाईकोर्ट ने परीक्षा कराने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) की रिट पिटीशन मंजूर करते हुए रि-एग्जाम कराने की याचिकाएं सोमवार को खारिज कर दीं। फैसला आने के बाद शाम को NTA ने 75 स्टूडेंट्स का रिजल्ट घोषित कर दिया। इसकी सूचना हर स्टूडेंट को उनके मेल पर दी गई। अब काउंसिल 21 जुलाई को संभावित है।

### बकाया कर वसूली में इंदौर RTO की सख्ती

# 50.73 लाख रुपये कर और 3.60 लाख रुपये पेनल्टी की वसूली





**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)**

**इंदौर।** परिवहन आयुक्त श्री विवेक शर्मा के स्पष्ट निर्देशों के पालन में इंदौर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (RTO) द्वारा बकाया मोटरयान कर एवं पेनल्टी की वसूली के लिए व्यापक और सघन अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई के अंतर्गत विगत 7 दिनों में कुल 50 लाख 73 हजार 152 रुपये का बकाया मोटरयान कर एवं 3 लाख 60 हजार रुपये की पेनल्टी वसूली की गई।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री प्रदीप शर्मा ने बताया कि विगत दिवस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में आयुक्त द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में इंदौर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बकाया कर नहीं चुकाने वाले वाहन स्वामियों से मोबाइल के माध्यम से संपर्क किया। जिन वाहन स्वामियों से संपर्क नहीं हो पाया, उनके निवास स्थान पर नोटिस पहुंचाया गया। साथ ही जिन वाहन मालिकों ने कर जमा करने से इंकार किया, उनके विरुद्ध वाहन जप्ती की कार्रवाई की गई। इस अभियान के दौरान कुल 81 वाहनों से लंबित कर की वसूली की गई। परिवहन विभाग द्वारा जारी अपील में कहा गया है कि जिन वाहन स्वामियों पर मोटरयान कर बकाया है, वे शीघ्र ही कर जमा करें अन्यथा उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए वाहन जप्त किए जाएंगे।

**उड़नदस्ता की कार्रवाई भी जारी-** इंदौर RTO के परिवहन उड़नदस्ता द्वारा स्कूली वाहनों, लोक परिवहन वाहनों तथा अन्य वाणिज्यिक वाहनों की भी सघन जांच की जा रही है। विगत सप्ताह में 95 से अधिक वाहनों पर मोटरयान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई, जिसके तहत 3 लाख 60 हजार रुपये की पेनल्टी भी वसूली गई।

जाँच के दौरान विशेष रूप से ओव्हरलोडिंग, अधिक किराया वसूली, स्पीड गवर्नर की अनुपस्थिति, तथा अधूरे दस्तावेज जैसे मामलों पर ध्यान केंद्रित किया गया। स्कूल व कॉलेज वाहनों की भी गहन जांच की गई, ताकि विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों के उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# कार्टूनिस्ट की गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)**

**इंदौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर विवादित कार्टून बनाने वाले हेमंत मालवीय को गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दी गई है। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस को अगले आदेश तक मालवीय को गिरफ्तार नहीं करने का आदेश दिया है। उनकी जमानत पर अगली सुनवाई अब 15 अगस्त के बाद होगी। तारीख फिलहाल तय नहीं की गई है। इससे पहले सोमवार को न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की डबल बेंच ने मालवीय की अग्रिम जमानत याचिका पर तत्काल राहत देने से मना कर दिया था। उन्हें माफी मांगने के लिए मंगलवार तक का समय दिया गया था। मालवीय मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच द्वारा अग्रिम जमानत खारिज करने के बाद सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे।

# मध्यप्रदेश में 15 अगस्त से बंद होगी डायल-100

## अब इमरजेंसी में डायल करना होगा 112

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश में 15 अगस्त 2025 से डायल 100 सेवा बंद कर दी जाएगी। इसकी जगह डायल 112 सेवा की शुरुआत की जाएगी, जिसमें अधिक अत्याधुनिक तकनीक और बेहतर रिस्पॉन्स की सुविधा होगी। नई बोलेरो नियो गाड़ियां राज्यभर में तैनात की जाएंगी और अब कॉल करने पर शिकायतकर्ता की लोकेशन भी जीपीएस से ट्रैक की जा सकेगी। डायल 100 के 10 साल के सफर को अब जीवीके कंपनी द्वारा संचालित डायल 112 सेवा आगे बढ़ाएगी।**

राज्य के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि 14 अगस्त से प्रदेशभर में डायल 100 की गाड़ियां (टाटा सफारी) सेवा से बाहर कर दी जाएंगी और 15 अगस्त से डायल 112 सेवा पूरी तरह लागू कर दी जाएगी। डायल 112 में नई बोलेरो नियो गाड़ियां शामिल होंगी, जो तकनीकी रूप से अधिक सक्षम होंगी और जीपीएस व वायरलेस सिस्टम से लैस रहेंगी। डायल 100 सेवा की शुरुआत वर्ष 2015 में की गई थी, जिसकी अवधि पांच साल तय की गई थी। लेकिन तकनीकी अड़चनों, टेंडर प्रक्रिया की देरी, कोविड काल और प्रशासनिक वजहों से यह सेवा 10 वर्षों तक चलती रही। अब




यह जिम्मेदारी बीवीजी कंपनी से हटाकर जीवीके (जीवीके) कंपनी को सौंपी गई है, जो राज्य में एम्बुलेंस सेवा संचालन का अनुभव पहले से रखती है।

डायल 112 सेवा के तहत प्रदेश में 1200 नई गाड़ियां फर्स्ट रिस्पॉन्स व्हीकल के रूप में उपलब्ध कराई जाएंगी। इन गाड़ियों में जीपीएस, वायरलेस, डिजिटल नेविगेशन और लाइव लोकेशन ट्रैकिंग जैसी सुविधाएं होंगी। किसी भी इमरजेंसी कॉल पर यह गाड़ियां तेजी से मौके पर पहुंचकर पुलिस या एम्बुलेंस जैसी त्वरित मदद उपलब्ध कराएंगी। पिछले एक वर्ष में डायल 100 के माध्यम से 15 हजार से अधिक घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाया गया, जिससे यह सेवा कई लोगों के लिए जीवनरक्षक बनी। डायल 112 को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए नया कॉल सेंटर भी बनाया जा रहा है, जो सेंट्रल सर्वर से जुड़ा होगा। इससे सभी जिलों में समान रूप से इमरजेंसी सेवाओं का संचालन हो सकेगा। डायल 112 मॉडल पहले से ही हरियाणा और राजस्थान जैसे राज्यों में संचालित हो रहा है, और मध्यप्रदेश इसका अगला चरण है। राज्य पुलिस का दावा है कि नई सेवा में रिस्पॉन्स टाइम कम होगा और लोकेशन आधारित मदद की गुणवत्ता बेहतर होगी।

### प्रिंसिपल ने माथे का तिलक मिटवाया, कहा-

# माता-पिता को लेकर आना, टीसी ले जाना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**कटनी, एजेंसी। सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल ने माथे पर चंदन का तिलक लगाकर पहुंची 11वीं की छात्रा को स्कूल से निकालने की धमकी दे डाली। प्रिंसिपल ने पहले तो तिलक मिटवाया और कहा कि ये मंदिर या आश्रम नहीं है। छात्रा ने यह बात परिजन को बताई।**

मंगलवार को बच्ची की मां उसे लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ स्कूल पहुंची। उन्होंने प्रिंसिपल रतन भलावे से बात करने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं मिले। इसके बाद जिला



शिक्षा अधिकारी पृथ्वी पाल से शिकायत की। मामला सोमवार को मुरवारी स्थित आरके गौतम हायर सेकेंडरी स्कूल का है। जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वी पाल का कहना है कि मामले की जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके अनुसार कार्रवाई की जाएगी। छात्रा ने बताया कि वह रोजाना की तरह सोमवार को भी स्कूल गई थी।

सुबह पूजा करके माथे पर चंदन का टीका लगाकर पहुंची थी। इसके बाद प्राचार्य रतन भलावे ने उसे अपने कार्यालय में बुलाया। उन्होंने कहा कि ये मंदिर या आश्रम नहीं है, जहां तुम चंदन टीका लगाकर आओ। इसके बाद प्रिंसिपल के कहने पर तिलक मिटा दिया। छात्रा के मुताबिक तिलक मिटवाने के बाद भी प्रिंसिपल सर का गुस्सा शांत नहीं हुआ। उन्होंने कहा- कल अपने माता-पिता को स्कूल लेकर आना। ट्रांसफर सर्टिफिकेट ले जाना। आश्रम में एडमिशन करा लेना। हमारे स्कूल से एक बच्ची निकल जाएगी, तो हमारा कुछ बिगड़ नहीं जाएगा।

## मस्जिद को लेकर जबलपुर कलेक्टर की पोस्ट से बढ़ा विवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी। रांझी स्थित जिस जमीन को लेकर मंदिर-मस्जिद का विवाद हो रहा है, वहां कभी मंदिर बना ही नहीं। यह खुलासा प्रशासन की एक जांच रिपोर्ट में हुआ है। यह रिपोर्ट प्रशासन के सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट होने के बाद हिंदूवादी संगठन भड़क गए और सड़क पर उतर गए। विवाद बढ़ने के बाद प्रशासन ने इस पोस्ट को सोशल मीडिया से डिलीट कर दिया है।**

रिपोर्ट तैयार करने वाले एसडीएम को हटा दिया है। इस बीच विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) ने मंगलवार को घोषित प्रदर्शन स्थगित कर दिया। वीएचपी के एक पदाधिकारी ने दावा किया है कि संगठन के पदाधिकारियों की भोपाल में वरिष्ठ अधिकारियों से बात हुई है। जांच कमेटी गठित करने और दोषी अफसरों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है। सोमवार को हिंदूवादी संगठनों ने भारी पुलिस बल के बीच कलेक्टर का अर्थी जुलूस निकाला था। प्रदर्शनकारी मस्जिद की तरफ बढ़े तो उन्हें बलपूर्वक रोकना पड़ा। करीब 2 घंटे बाद विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने चेतावनी देकर अपना आंदोलन समाप्त किया। आज मंगलवार को भी जिले भर में 42 स्थानों पर प्रदर्शन का ऐलान किया गया था।

## पत्नी के मायके जाने से नाराज पति ने लगाई फांसी, घर के सामने पेड़ पर लटकता मिला शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल, एजेंसी।** शहडोल जिले के केशवाही चौकी अंतर्गत बलबहरा गांव में पत्नी के मायके चले जाने से नाराज एक युवक ने घर के सामने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान समय लाल बैगा (40) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि घटना के वक्त युवक के परिजन घर के अंदर ही मौजूद थे।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार समय लाल ने घर के सामने लगे पेड़ पर चढ़ने के लिए लकड़ी की सीढ़ी का सहारा लिया और फांसी का फंदा बनाकर जान दे दी। सुबह जब पड़ोसियों ने युवक को पेड़ से लटकता देखा तो उन्होंने शोर मचाया। शोर सुनकर घर के लोग बाहर निकले लेकिन तब तक समय लाल की मौत हो चुकी थी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। चौकी प्रभारी आशीष झारिया ने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया है कि मृतक की पत्नी कुछ दिन पहले मायके चली गई थी, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। परिजनों के मुताबिक पत्नी के मायके जाने के बाद वह अक्सर उसे वापस बुलाने की कोशिश करता था लेकिन वह लौटकर नहीं आती थी, जिस वजह से वह तनाव में था। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि परिजनों और ग्रामीणों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और हर पहलू की जांच की जा रही है।

# फूफा ने रिश्तों को तार-तार कर भतीजी से किया दुष्कर्म, राजीनामे के बाद भी कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर, एजेंसी।** सीहोर में दुष्कर्म के मामले में सातवीं कक्षा की मासूम भतीजी के साथ रिश्तों को तार-तार कर करने वाले फूफा ने परिजनों से राजीनामा कर लिया था, लेकिन कोर्ट ने इस घटना को गंभीर मानते हुए फूफा को कोई रियायत नहीं बरतते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। पॉक्सो न्यायालय की विशेष न्यायाधीश सुनीता सिंह ठाकुर ने इस मामले के दौरान यह फैसला सुनाया कि ऐसे अपराधों के प्रति कोई दया नहीं बरती जानी चाहिए। खासकर जब निर्दोष बच्चियों की जिंदगी पर इसका बुरा असर पड़ता है।

न्यायाधीश ने कहा कि मासूम बच्चियों के साथ दुष्कर्म जैसी घटनाएं समाज में भय और असुरक्षा का माहौल बनाती हैं और ऐसे अपराधियों को कठोर सजा मिलनी चाहिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार के अपराधों को रोकने में मदद मिले। यह फैसला न केवल पीड़िता के लिए न्याय है, बल्कि यह सभी उन परिवारों के लिए भी एक संदेश है जो इस तरह की घटनाओं से गुजरते हैं। न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि बच्चों के प्रति इस प्रकार की करतूत करने वालों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए, ताकि समाज में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए एक उदाहरण पेश किया जा सके।

### ये था पूरा घटनाक्रम

विशेष लोक अभियोजक केदार सिंह कौरव ने मामले की पैरवी करते हुए बताया कि मामला 17 अक्टूबर 2023 का है। पीड़िता ने थाना बुधनी में उपस्थित होकर रिपोर्ट की कि उसकी माता गुजरात रहती हैं। 17 अक्टूबर को उसके फूफा घर आये और उसे बहला फुसलाकर ले गए। इसके बाद रास्ते में जंगल में रात करीब 9 बजे मोटर साइकिल रोक दी और शराब पीने लगे और पीड़िता को भी जबरन शराब पिलाई। फिर पीड़िता की मर्जी के खिलाफ उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया और पीड़िता को उसके घर छोड़ दिया। पीड़िता ने दादी को उक्त घटना की जानकारी दी और थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस अनुसंधान पश्चात अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों में राजीनामा हो गया था। इसके बाद भी न्यायालय द्वारा अभियोजन पक्ष के तर्कों एवं साक्ष्य से सहमत होते हुए आरोपी फूफा को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया।

# मछली पकड़ने गए थे...लौटे नहीं, घरचिरचिटा डैम में डूबे दो युवक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नरसिंहपुर, एजेंसी। मंगलवार को गोटेगांव थाना क्षेत्र के चिरचिटा गांव स्थित डैम में मछली पकड़ने गए दो युवकों की डूबने से मौत हो गई। रोज की तरह दोनों सुबह घर से निकले थे, लेकिन शाम होते-होते गांव में उनकी मौत की खबर पहुंची तो पूरे इलाके में कोहराम मच गया। राजा यादव (19) निवासी देगुवां बैरोड़ा और राजकुमार ठाकुर (20) निवासी श्रीदेव मुरलीधर (गोटेगांव) की मौत की खबर मिलते ही उनके घरों में मातम पसर गया। मां की चीखें और पिता की चुप्पी ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया।**

जानकारी के मुताबिक, राजा और राजकुमार मंगलवार सुबह चिरचिटा डैम पर मछली पकड़ने गए थे। शुरुआत में सब कुछ सामान्य था, लेकिन मछली पकड़ने के चक्कर में दोनों धीरे-धीरे डैम की गहराई की तरफ बढ़ते चले गए। अचानक संतुलन बिगड़ा और दोनों गहरे पानी में समा गए। पहले एक ने शोर मचाया, फिर दूसरा भी डूबने लगा देखते ही देखते पानी में सन्नाटा छा गया। हादसे की खबर मिलते ही गांव के लोग मौके पर पहुंच गए। कुछ ने खुद युवकों को ढूंढने की कोशिश भी की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इसके बाद गोटेगांव एसडीओपी मनीष त्रिपाठी, पुलिस टीम और नायब तहसीलदार सहित राजस्व अमला भी मौके पर पहुंच गया।

# संपादकीय

## टीडीपी के एसआईआर में बदलाव की मांग से बढ़ सकता है बीजेपी का सिरदर्द

बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची में पुनरीक्षण कार्य को लेकर हंगामा मचा हुआ है। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। विपक्षी दल इस मुद्दे पर लगातार केंद्र सरकार के साथ ही चुनाव आयोग को घेर रहे हैं। इन सब के बीच अब एनडीए के प्रमुख सहयोगी दल तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) के रुख ने सरकार को हैरान कर दिया है। टीडीपी ने आंध्र प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए पर्याप्त समय देने का आग्रह किया है। माना जा रहा है कि टीडीपी की इस मांग से बीजेपी का सिरदर्द बढ़ सकता है। टीडीपी का कहना है कि इसे किसी बड़े चुनाव के छह महीने के भीतर नहीं कराया जाना चाहिए। साथ ही नवीनतम मतदाता सूची में पहले से नामांकित मतदाताओं को अपनी पहचान पुन: स्थापित करने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग से कहा कि एसआईआर का उद्देश्य स्पष्ट रूप से परिभाषित होना चाहिए। साथ ही मतदाता सूची में सुधार और समावेशन तक सीमित होना चाहिए। यह स्पष्ट रूप से सूचित किया जाना चाहिए कि यह अभ्यास नागरिकता सत्यापन से संबंधित नहीं है, और किसी भी क्षेत्र निर्देश में यह अंतर प्रतिबिंबित होना चाहिए। तेलुगू देशम पार्टी का मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के लिए अधिक समय देने और इसे नागरिकता सत्यापन से अलग करने की मांग बीजेपी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ( NDA ) की रणनीति पर कई तरह से प्रभाव डाल सकती है। TDP का यह रुख, खास तौर पर बिहार जैसे चुनावी राज्यों में चल रहे SIR के संदर्भ में, NDA के भीतर और बाहर दोनों जगह कुछ चुनौतियां पेश कर सकता है। टीडीपी, एनडीए की दूसरी सबसे बड़ी सहयोगी पार्टी है। टीडीपी के पास 2024 के लोकसभा चुनाव में 16 सीटें हैं। इसका SIR पर सवाल उठाना और प्रक्रिया में बदलाव की मांग करना गठबंधन के भीतर मतभेदों को उजागर कर सकता है। यह बीजेपी के लिए एक चुनौती हो सकती है, क्योंकि उसे अपने सहयोगियों को एकजुट रखने की जरूरत है, खासकर तब जब वह 240 सीटों के साथ अपने दम पर बहुमत से 32 सीटें पीछे है।

### अर्ज़ किया है..!

*मुझ में सात समुंदर*
*शोर मचाते हैं*
*एक ख़याल ने*
*दहशत फैला रक्खी है*

-साक़ी फ़ारुक़ी

## OSHO कहिन

**"सच्चा जीवन वह है, जो डर के बिना जिया जाए।"**



## ज्ञान-विज्ञान

# पृथ्वी के घूमने की रफ्तार तेज होने को वैज्ञानिकों ने किया कंफर्म, जानें हमारी जिंदगी पर असर

### अगले 20 दिनों में दो तारीख अहम

**धरती की अपनी धुरी पर घूमने की रफ्तार बढ़ रही है। धरती के घूमने की बढ़ती रफ्तार का नतीजा दिन का समय कम होने के तौर पर सामने आया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि अब इसकी पुष्टि हो गई है कि आने वाले समय में हमें 24 घंटे से कम के दिन देखने को मिलेंगे। वैज्ञानिकों ने इसी महीने 22 जुलाई और 5 अगस्त को दिन 1.3 से 1.5 मिलीसेकंड तक छोटा होने की बात कही है। हालांकि दिन की घटी हुई अवधि को सिर्फ कुछ खास उपकरणों से ही मापा जा सकेगा।**



पृथ्वी के घूमने को लेकर सामान्य समझ रही है कि पृथ्वी 24 घंटे में सूर्य का चक्कर लगाती है। यह एक दिन की अवधि होती है। यह समय यानी एक दिन 24 घंटे का होता है। रिसर्च कहती है कि यह अवधि हमेशा स्थिर नहीं होती। चंद्रमा और सूर्य की स्थिति समय के साथ इसमें बदलाव ला सकती है। यहां तक कि भूकंप और दूसरी भूगर्भीय घटनाएं भी पृथ्वी की घूर्णन गति को बदल सकती हैं। इसका दिन के समय पर असर होता है।

### पहले भी बदला है दिन का समय

वैज्ञानिकों का कहना है कि दिन के समय में बदलाव कोई ऐसी घटना नहीं है, जो कभी ना देखी गई हो। दिन हमेशा से 24 घंटे के नहीं रहे हैं। शोधकर्ताओं ने पाया है कि 1 से 2 अरब साल पहले पृथ्वी पर एक दिन सिर्फ 19 घंटे का होता था। उस समय चंद्रमा पृथ्वी के काफी करीब था और उसका गुरुत्वाकर्षण बल ज्यादा था। इस दूरी ने पृथ्वी के घूर्णन को धीमा किया, जिससे दिन लंबे होते गए और 24 घंटे के चक्र तक पहुंच गए।

लाखों वर्षों तक 24 घंटे का दिन रहने के बाद हाल के सालों में चीजें बदल गई हैं। पांच साल पहले 2020 में वैज्ञानिकों ने पाया किया कि पृथ्वी अपने इतिहास के किसी भी अन्य समय की तुलना में तेजी से घूम रही है। जुलाई 2024 में वैज्ञानिकों ने पहली बार 24 घंटे से 1.66 मिलीसेकंड कम का दिन दर्ज किया। इस वर्ष भी वैज्ञानिक कुछ दिन 24 घंटे से कम का होने की बात कह रहे हैं।

### दैनिक जीवन पर क्या होगा प्रभाव?

एक दिन के समय से 1 से 2 मिलीसेकंड कम होना इंसानी जिंदगी के लिए कोई मायने नहीं रखता है। इसका आम जनजीवन पर किसी तरह का फर्क देखने को नहीं मिलेगा। यहां तक कि हमारी आम घड़ियां इस फर्क को नहीं दिखा पाती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि ये छोटा सा बदलाव भी सैटेलाइट सिस्टम, जीपीएस और समय ट्रैक करने के तरीके पर असर डालेगा।

दिन के समय में बदलाव से IERS (इंटरनेशनल अर्थ रोटेशन एंड रेफरेंस सिस्टम्स सर्विस) जैसी अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों को परमाणु घड़ियों को समायोजित करना पड़ता है। इनमें लीप सेकंड को जोड़ना या घटाना पड़ता है ताकि आधिकारिक समय ग्रह के वास्तविक घूर्णन के साथ तालमेल बिठाया जा सके। आम जीवन इससे अप्रभावित बना रहता है।

## Maharashtra

# चलती बस में हुई महिला की डिलीवरी, फिर नवजात को फेंक दिया खिड़की से... महाराष्ट्र में डरा देने वाली घटना

**मुंबई, (एजेंसी) आपने कई बार सुना होगा कि किसी महिला ने अचानक लेबर पेन होने पर बस या ट्रेन में बच्चे को जन्म दे दिया हो. बाद में मां बच्चे के स्वास्थ के मद्देनजर उन्हें अस्पताल भी ले जाया गया. लेकिन हाल में महाराष्ट्र के परभणी में जो हुआ वह बहुत हैरान करने और डरा देने वाला था.**

यहां एक 19 साल की महिला ने चलती स्लीपर कोच बस में एक बच्चे को जन्म दिया. लेकिन उसने और उसका पति होने का दावा करने वाले एक व्यक्ति ने नवजात को एकाएक खिड़की से बाहर फेंक दिया, जिससे



बच्चे की मौत हो गई. एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 6.30 बजे पाथरी-सेलु रोड पर हुई.

एक सतर्क नागरिक द्वारा पुलिस को जानकारी दी गई कि बस से कपड़े में लिपटी कोई चीज बाहर फेंकी गई है. पुलिस ने बताया, 'रितिका ढेरे नाम की एक महिला, संत प्रयाग ट्रैवल्स की स्लीपर कोच बस में अल्ताफ शेख (जो उसका पति होने का दावा करता था) के साथ पुणे से परभणी जा रही थी. यात्रा के दौरान, गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा होने लगी और उसने एक लड़के को जन्म दिया. लेकिन, दंपति ने बच्चे को कपड़े में लपेटकर बस से बाहर फेंक दिया.' स्लीपर बस के ड्राइवर - जिसमें ऊपर और नीचे की बर्थ वाले डिब्बे हैं - ने देखा कि खिड़की से कुछ बाहर फेंका गया है.

## Rajasthan

# अजमेर में कम दाम पर मटन बेचने को लेकर खूनी संघर्ष, दुकान मालिक और सहयोगी की चाकू मारकर हत्या



**अजमेर, (एजेंसी)** राजस्थान के अजमेर से एक मामला सामने आया है. जहां कम दामों पर मटन और चिकन बेचने को लेकर एक दुकान मालिक और उसके सहयोगी की व्यापारिक प्रतिद्वंद्वियों ने चाकू मारकर हत्या कर दी. इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को दी. फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हमलावरों की तलाश में छापेमारी कर रही है. पुलिस का दावा है कि जल्द ही गिरफ्तारी कर ली जाएगी. पुलिस ने बताया कि चाकू, कांच की बोतलों और बेसबॉल के बल्ले से लैस लगभग 50 लोगों के एक समूह ने रामगंज इलाके में ब्यावर रोड स्थित इमरान की दुकान पर धावा बोल दिया. इसके बाद लोगों ने उस पर और उसके सहयोगी शाहनवाज पर हमला कर दिया. जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए. पुलिस ने बताया कि दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई. वहीं, हमले में घायल हुए सात अन्य दुकान कर्मचारियों का इलाज चल रहा है. पुलिस के अनुसार दोनों ग्रुप एक ही समुदाय के हैं और इलाके में उनकी मांस की दुकानें हैं. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु जांगिड़ ने कहा कि मटन और चिकन की कीमतों को लेकर मतभेद था. क्योंकि इमरान इन्हें कम दामों पर बेच रहा था और आरोपी उस पर कीमतें बढ़ाने का दबाव बना रहे थे. इसको लेकर दोनों ग्रुप के बीच whatsapp ग्रुप पर भी चर्चा हुई थी और बहस भी हुई थी.

## Uttarpradesh

# फ्लैट में घुसकर बेटी का रेप कर रहे थे, गाजियाबाद में मां ने 4 लड़कों को पकड़ा; FIR दर्ज

**गाजियाबाद, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां चार लड़कों ने एक सोसाइटी का फ्लैट में घुसकर नाबालिग लड़की के साथ रेप किया है। इस मामले की जानकारी घर वालों को हुई तो उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित छात्रा कक्षा में पढ़ती है और उनमें से तीन लड़के उसके स्कूल के जानने वाले हैं। मामला रविवार का है। गाजियाबाद की एक सोसाइटी में लड़की अपने माता-पिता के साथ रहती थी। रविवार को वो घर में अकेली थी। मां किसी काम से घर के बाहर गई थी। इस दौरान इंस्टाग्राम पर लड़की के जानने वाला एक लड़का लगातार उससे मिलने की जिद कर रहा था। रविवार सुबह जब मां बाहर गई तो लड़के ने घर की घंटी बजाई। जब लड़की ने दरवाजा खोला तो चार लड़के जबरदस्ती घर में घुस आए। इस दौरान चारों ने बारी-बारी से रेप किया। पीड़िता की मां बाजार से लौटी तो देखा कि घर का दरवाजा खुला हुआ है। इस दौरान चारों लड़के घर में ही मौजूद थे। जब मां ने चारों को देखा तो बेटी को कमरे से बाहर निकालकर

## Jharkhand

# बोकारो में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, दो नक्सली ढेर

**बोकारो, (एजेंसी)** बोकारो जिले के बिरहोरडेरा जंगली क्षेत्र में बुधवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। यह मुठभेड़ उस वक्त शुरू हुई जब पुलिस और सुरक्षाबल इलाके में नक्सल विरोधी छापेमारी अभियान चला रहे थे।



इसी दौरान घात लगाए नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर अचानक फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने दो नक्सलियों को मार गिराया। दोनों के शव बरामद कर लिए गए हैं। मुठभेड़ में भाकपा माओवादी के नक्सलियों से लोहा लेते हुए कोबरा-209 बटालियन का एक जवान घायल हो गया। घायल जवान को एयरलिफ्ट कर रांची भेजा गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक, यह मुठभेड़ उसी लुगु पहाड़ क्षेत्र में हुई है, जहां इसी साल अप्रैल महीने में एक करोड़ के इनामी सहित आठ नक्सली सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए थे। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, नक्सलियों की मौजूदगी की गुप्त सूचना मिलने पर सुरक्षाबलों ने जंगल में सर्च ऑपरेशन चलाया था। इसी दौरान नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसका सुरक्षाबलों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। पुलिस की गोलीबारी में कई नक्सलियों के घायल होने की भी सूचना है। फिलहाल क्षेत्र में सर्च अभियान जारी है।

## खेल

# 27 रन पर सिमटी वेस्टइंडीज टीम, क्रिकेट बोर्ड में मचा हड़कंप, लॉयड-लारा जैसे दिग्गजों से मांगी मदद

**नई दिल्ली।** क्रिकेट वेस्टइंडीज में उस वक्त हड़कंप मच गया जब रॉस्टन चेज के नेतृत्व वाली वेस्टइंडीज टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट में 27 रन पर ऑलआउट हो गई। बोर्ड ने इस मुकाबले के बाद क्लाइव लॉयड, सर विवियन रिचर्ड्स और ब्रायन लारा जैसे दिग्गजों से मदद मांगी है। बोर्ड ने कैरिबियाई देशों में क्रिकेट को पुनर्जीवित करने के लिए बैठक बुलाई।

ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट में मिचेल स्टार्क (नौ रन पर छह विकेट) की तूफानी गेंदबाजी और स्कॉट बोलैंड की हैट्रिक की बदौलत वेस्टइंडीज को 27 रन पर समेट दिया जो टेस्ट क्रिकेट का दूसरा सबसे कम स्कोर है। मिसफील्ड के कारण वेस्टइंडीज की टीम सर्वकालिक न्यूनतम स्कोर की बराबरी करने से बच गई।

सबीना पार्क में दिन-रात्रि टेस्ट में मेजबान टीम को ऑल आउट करने के लिए ऑस्ट्रेलिया




को सिर्फ 14.3 ओवर की जरूरत पड़ी। सीडब्ल्यूआई के अध्यक्ष किशोर शैलो ने एक बयान में कहा, 'चर्चा को मजबूत करने के लिए मैंने हमारे तीन महानतम बल्लेबाजों सर क्लाइव लॉयड, सर विवियन रिचर्ड्स और ब्रायन लारा को आमंत्रित किया है। वे पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों डॉ. शिवनारायण चंद्रपॉल, डॉ. द मोस्ट ऑनरेबल डेसमंड हेन्स, इयान ब्रैडशॉ के साथ शामिल होंगे जो पहले से ही समिति का हिस्सा हैं।'

शैलो ने आगे कहा, 'यह मुलाकात कोई औपचारिकता नहीं है। ये वे लोग हैं जिन्होंने हमारे स्वर्णिम युग को परिभाषित करने में मदद की है और हमारे क्रिकेट विकास के अगले चरण को आकार देने में उनके विचार बहुमूल्य होंगे। हमारा इरादा है कि इस बैठक से ठोस और कार्यान्वयन योग्य सुझाव सामने आएं।' शैलो ने कहा कि वेस्टइंडीज के लिए गेंदबाजी चिंता का विषय नहीं है लेकिन बल्लेबाजी विभाग में सुधार की जरूरत है।

वेस्टइंडीज के 10 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके 204 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम 14.3 ओवर में 27 रन पर सिमट गई। 10 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके। इनमें से सात बल्लेबाज तो खाता भी नहीं खोल पाए। खाता नहीं खोल पाने वाले बल्लेबाजों में जॉन कैंपबेल, केवलोन एंडरसन, ब्रैंडन किंग, कप्तान रोस्टन चेज, शमार जोसेफ, जोमेल वारिकन और जेडन सील्स शामिल हैं। मिकाइल लुईस चार रन, शाई होप दो रन बनाकर आउट हुए। अल्जारी चार रन बनाकर नाबाद रहे। टीम के लिए सबसे ज्यादा रन जस्टिन ग्रीव्स ने बनाए। वह दहाई का आंकड़ा पार करने वाले एकमात्र बल्लेबाज रहे। ग्रीव्स ने 11 रन बनाए। स्टार्क ने पारी के पहले ही ओवर में तीन विकेट गिरा दिए थे। उन्होंने पहली, पांचवीं और आखिरी गेंद पर कैंपबेल, एंडरसन और किंग को आउट किया था। ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्टार्क ने छह विकेट झटके, जबकि बोलैंड को तीन विकेट मिले।

## सिनेमा

# लव एंड वॉर में रणबीर कपूर-विक्की कौशल के बीच होगा सबसे जबरदस्त एक्शन सीन, गुप्त जगह होगी शूटिंग



रणबीर कपूर, विक्की कौशल और आलिया भट्ट स्टारर फिल्म लव एंड वॉर डायरेक्टर संजय लीला भंसाली का ड्रीम प्रोजेक्ट है। एक लव ट्रायंगल है जिसकी कहानी शानदार होने वाली है। अब इस फिल्म को लेकर ताजा खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि फिल्म में एक जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस भी होने वाला है जिसमें रणबीर और विक्की कौशल एक दूसरे के आमने-सामने होंगे। ये फेस-ऑफ इस फिल्म का सबसे खास हिस्सा माना जा रहा है। बॉलीवुड हंगामा ने अपने सूत्र के हवाले से बताया है, 'लव एंड वॉर' में रणबीर कपूर और विक्की कौशल के किरदारों के बीच एक जबरदस्त आमना-सामना होगा। इस सीन को इंडियन सिनेमा के अब तक के सबसे बड़े सीक्वेंस में से एक बताया जा रहा है। इस सीक्वेंस की तैयारी शुरू हो गई है।' आगे बताया गया है कि इस सीन को एक ग्रैंड और अनजान जगह पर शूट किया जाएगा। इस सिनेमा के खूबसूरत अनुभव को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है।" रणबीर कपूर और विक्की कौशल के बीच ये फेस ऑफ ऑडियंस के लिए ट्रीट होगी।

## Highlights

1. **Man mocks poles erected on Himachal road, says 'It's a tourist spot, helping grow economy'**
2. **Family of Odisha student who set herself on fire to get ₹20 lakh**
3. **5 die, 19 injured as tempo traveller falls into gorge in J&K's Doda**
4. **Raj minister cut off power after complaints about roads: Villagers**
5. **Road caves in near Jaipur's metro station after heavy rainfall**

# 'Nothing lasts forever': Anand Mahindra shares timeless lesson from 44 years in business

**NEW DEIHI, (Agency).** Industrialist Anand Mahindra has once again struck a chord with social media users by offering heartfelt advice drawn from his 44-year-long career. In a post shared on X (formerly Twitter), Mahindra spoke directly to those grappling with professional or personal turbulence, reminding them that even the most difficult times eventually pass.



A career's worth of wisdom

"My career now spans 44 years," Mahindra began, setting the tone for a deeply personal reflection. "If there's one enduring thing I've learned, it's that nothing lasts forever. The tough moments, the pressure, the setbacks, they all pass."

He added, "When you're in the eye of the storm, it can feel like it'll never end, but it always does. Stress is only a drain. Just focus on doing the best you can, staying the course and trusting that the situation will shift. It always does."

Internet finds solace in the message

The post has since garnered over 434k views and sparked numerous reactions from users who found both comfort and clarity in his thoughtful perspective.

One user commented, "These are the kind of messages that bring real perspective when things feel overwhelming. Thank you for the reminder." Another remarked, "Coming from someone like Anand Mahindra, this hits differently. Experience truly teaches you the value of patience."

A third added, "Sometimes all we need is to be reminded that storms don't last forever. This was much needed today." Another user shared, "This is exactly what I needed to hear—been feeling stuck lately, but this gives me hope."

Some even expressed admiration for Mahindra's consistent online presence, with one saying, "Always love how Anand Mahindra uses social media—not just for business, but to uplift." Another echoed, "His tweets are often the gentle nudge many of us need to keep going."

# Indian airport's Travel Food Services raises $234 million in India's 9th largest IPO

**NEW DEIHI, (Agency).** Indian airport restaurant and lounge operator Travel Food Services' $234 million IPO was hauled over the finish line on Wednesday by institutional investors as risk-averse retail investors shied away amid U.S. trade deal concerns.



The IPO, India's ninth-largest this year, came in a month when firms are expected to raise $2.4 billion through initial share sales.

It was subscribed 1.89 times, driven by institutional bids that were 5.23 times the shares reserved for them. Meanwhile, retail bids stood at a 0.44 times as of 2:12 p.m. IST.

"The overhang of a trade deal with the U.S. is one of the factors likely keeping risk averse non-institutional and retail investors away from the TFS IPO," said Sunny Agarwal, head of fundamental equity research at SBICAPS Securities.

India, the world's third-largest aviation market, is witnessing a sharp uptick in travel demand and as disposable incomes rise, passengers are spending more on food, beverages, and premium services such as lounges.

Ratings agency CRISIL projects India's airport quick service restaurant sector to grow 17%-19% annually to 170 billion rupees to 180 billion rupees by fiscal 2034, while the lounge sector is seen growing by as much as 24% to 165 billion rupees.

Travel Food Services, a joint venture between UK-based SSP Group and India's K Hospitality Corp, runs restaurants such as Jamie Oliver's Pizzeria, Krispy Kreme and KFC at 18 airports across India, Malaysia and Hong Kong, as well as 37 lounges.

Its three-day IPO that ends on Wednesday is an offer for sale, with its largest shareholder, the Kapur Family Trust, offloading a stake worth 20 billion rupees, or 13.81%, at the top end of the 1,045 rupees to 1,100 rupees price band.

# कॉलेज छात्रा को कुत्तों ने गिराकर नोंचा

## ललकारा तो एक बार लौट गए, फिर झुंड बनाकर आए और हमला किया

◆ कारण पास की सोनिया गांधी नगर के रहवासियों द्वारा नॉनवेज, जूठन फेंकना



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर शहर में आवारा कुत्तों के हमले की घटनाएं लगातार हो रही हैं। तीन दिन पहले ही श्रीनगर एक्सटेंशन में सुबह कॉलेज जा रही एक छात्रा पर एक साथ चार कुत्तों ने हमला कर दिया। इस बीच उसकी सहेली ने बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक कुत्तों ने छात्रा को गिराकर उसके पैर को नोंच डाला और काटकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया।**

छात्रा ने पहले तो हिम्मत दिखाते हुए संघर्ष किया और उन्हें भगा दिया, लेकिन कुछ ही सेकेंड बाद कुत्तों का झुंड दोबारा आ गया। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। घटना शनिवार (12 जुलाई) सुबह 6:30 बजे की है। छात्रा कॉलोनी से कॉलेज जा रही थी, तभी दूर से एक साथ चार कुत्ते उसकी ओर लपके। वह संभलती, उससे पहले ही वे उस पर टूट पड़े और उसे गिरा दिया। इस दौरान छात्रा ने संघर्ष किया, लेकिन कुत्तों ने उसके पैरों में काट लिया। आपाधापी के बीच कुत्ते बार-बार भागते और फिर उस पर लपकते रहे। इस दौरान आगे स्कूटी से जा रही उसकी सहेली रुकी, गाड़ी खड़ी की और छात्रा के पास पहुंचकर कुत्तों को भगाया। घायल छात्रा काफी घबरा गई थी और चक्कर आने पर वहीं बैठ गई। रहवासी दंपती विशाल और शैफाली अग्रवाल उसे अपने घर ले गए और उसके पैरों के जख्मों को साफ किया। उन्होंने बताया कि छात्रा सुबह एग्जाम देने जा रही थी, तभी कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। काटने से छात्रा का एक पैर में गहरा जख्म हो गया है। इसके बाद वह अपनी सहेली के साथ इलाज के लिए रवाना हो गई। दंपती सहित अन्य लोगों ने बताया कि इस पॉश कॉलोनी में आवारा कुत्तों का काफी आतंक है। उनका आरोप है कि इसका कारण पास की सोनिया गांधी नगर के रहवासियों द्वारा रोज यहां नॉनवेज, जूठन फेंकना है। नगर निगम की गाड़ी रोज कचरा उठाने आती है, लेकिन रात को फिर वहां के रहवासी यहां खुले में जूठन फेंक देते हैं। इससे नगर निगम की सफाई टीम भी परेशान है। रहवासी आनंद बागोरा व अन्य ने बताया कि कई बार निगम के 311 एप पर शिकायत की तो कचरा उठा लिया जाता है, लेकिन खाद्य पदार्थ के फेंकने से आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ गई है और वे हमला करने लगे हैं।

## गौरी नगर में खुदकुशी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** हीरानगर में रहने वाले 16 वर्षीय सुशील चौहान ने गौरी नगर स्थित अपने घर में सोमवार को फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सुशील 10वीं का छात्र था और घटना के समय वह घर में अकेला था। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। सुशील की मां की मौत 6 माह पहले और पिता की 20 दिन पहले हुई है। उसका बड़ा भाई शुभम निजी कॉलेज में जॉब करता है। वह चाचा के परिवार और भाई के साथ रहता था। पुलिस ने बताया कि खुदकुशी की वजह अभी पता नहीं चल पाई है। सुशील के भाई शुभम से पूछताछ होना है।

## कार किराए पर लेकर नहीं लौटाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एमआईजी थाना पुलिस ने एक युवक की शिकायत पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता हरिओम यादव, निवासी महालक्ष्मी नगर, ने बताया कि उसके परिचित अमित सोनी (निवासी अरण्य नगर) ने उसकी कार ट्रेवल्स पर चलाने के लिए किराए पर ली थी, लेकिन न तो किराया दिया और न ही कार वापस की।**

हरिओम के मुताबिक, 17 अप्रैल 2024 को उसने अपनी कार 27 हजार रुपए प्रति माह किराए पर अमित को दी थी। दोनों के बीच यह तय हुआ था कि अमित हर महीने दो किस्तों में किराया चुकाएगा और इसके लिए एग्रीमेंट भी हुआ था। लेकिन कुछ महीने बाद अमित ने किराया देना बंद कर दिया, जिससे कार की बैंक किश्तें बाउंस होने लगीं। दिसंबर में जब हरिओम ने कार वापस मांगी तो अमित ने धमकियां देना शुरू कर दिया। उसने बकाया किराया देने से भी मना कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। हरिओम ने यह भी बताया कि उसके भाई मनीष से अमित ने काम के नाम पर एक लाख रुपए उधार लिए थे, जिसे अब लौटाने के बजाय वह धमका रहा है। पुलिस ने आरोपी अमित सोनी के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी की धाराओं में केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक